Training on Quality Plant Production of Forestry Species & Agroforestry Management (02-06/06/2025)

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (भा.वा.अ.शि.प.) - उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (TFRI) जबलपुर में महाराष्ट्र राज्य के वन अधिकारियों के लिए एक पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज़ हुआ है। महाराष्ट्र वन विभाग द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का विषय 'वानिकी प्रजातियों के उत्तम गुणवत्ता पौध उत्पादन एवं कृषि वानिकी प्रबंधन' है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. कोमल रानी ने संस्थान के उद्देश्यों और चल रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के निदेशक डॉ. हरीश सिंह गिनवाल ने उद्घाटन के अवसर पर उच्च गुणवत्ता वाले पौधों के रोपण और भविष्य में वन विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने देश के कृषि क्षेत्र में बढ़ते वन क्षेत्र के महत्व को भी रेखांकित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक डॉ. फातिमा शिरीन ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य वन विभाग के अधिकारियों को नई तकनीकी जानकारियों से अवगत कराना और उन्हें उन तकनीकों में प्रशिक्षित करना है, जिनसे सतत् उच्च स्तरीय वन प्रजातियों का विकास और संरक्षण संभव हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रैक्टिकल ज्ञान पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि प्रतिभागी कम समय में अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर संस्थान के प्रभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक और अधिकारी उपस्थित थे।

वानिकी प्रजातियों के
उत्तम गुणवत्ता का पौध उत्पादन
एवं कृषि वानिकी प्रबंधन
QUALITY PLANT PRODUCTION
OF
FORESTRY SPECIES

June 9, 2025